प्रेषक,

संख्या 23प / आई0डी0एस0पी0 / COVID-19 / 2020 / 578

डा0 पंकज कुमार पाण्डेय,
सचिव (प्रभारी),
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. समस्त जिला अधिकारी,
   उत्तराखण्ड।
2. समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी,
   उत्तराखण्ड।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

देहरादून : दिनाँक : 29 मार्च, 2020

विषय – कोरोना वायरस संक्रमण रोकथाम एवं नियंत्रण विषयक।

महोदय / महोदया,

जैसा आप अवगत ही हैं कि वर्तमान मे कोरोना वायरस संक्रमण एक अन्तर्राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य समस्या के रूप मे परिलक्षित हो रहा है जिससे उत्तराखण्ड राज्य भी प्रभावित है। कोरोना वायरस संक्रमण को प्रसारित होने से रोकना हम सभी की प्राथमिकता है। हमें यह सुनिश्चित रखना है कि जनस्वास्थ्य हित में कोरोना वायरस संक्रमण को किसी भी अवस्था मे महामारी का रूप लेने से रोका जाये।

आप सभी से यह अनुरोध है कि आप अपने स्तर से उचित कार्यवाही करते हुए यह सुनिश्चित करें कि जो भी व्यक्ति किसी अन्य राज्य से आपके जनपद मे प्रवेश कर रहा है उसे निश्चित तौर पर चिन्हित फैसिलिटी क्वारेंटाइन में ही 14 दिनों के लिए रखा जाये ताकि COVID-19 संक्रमण के जनसमुदाय में प्रसारित होने की किसी भी सम्भावना को रोका जा सके। केवल अपरिहार्य कारणों मे ही इन व्यक्तियों को होम क्वारेंटाइन किया जाये व पूर्ण निगरानी सुनिश्चित की जाये।

आप अपने स्तर से यह भी सुनिश्चित करें कि जितने भी लोग होम / फैसिलिटी क्वारेंटाइन है उन सभी की पूर्ण सूचना निर्धारित प्रपत्रों व COVID-19 portal पर उपलब्ध रहें।

भवदीय,

(डॉ पंकज कुमार पाण्डेय)
सचिव (प्रभारी)

संख्या : 23प / आई0डी0एस0पी0 / COVID-19 / 2020 / 579 तददिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. पुलिस महानिदेशक, उत्तरखण्ड।
3. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।
4. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड।
5. प्रभारी अधिकारी, आई0डी0एस0पी0।

29/3/20

(डॉ पंकज कुमार पाण्डेय)
सचिव (प्रभारी)

Scanned by CamScanner